तकनीकी पेंच | जानकारी देने के बजाय 'कानून की गलत व्याख्या' का ले रहे सहारा

# आरटीआई के 'हथियार' से डरा ग्राम पंचायत प्रशासन...




**देवरी (मझौली), नवभारत।** सूचना का अधिकार अधिनियम जिसे भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता का सबसे बड़ा हथियार माना जाता है, उसे ग्राम पंचायत देवरी रजवई में 'तकनीकी पेच' फंसाकर कुंद करने की कोशिश की जा रही है। ताज़ा मामला ग्राम देवरी के जागरूक नागरिक सुनील सिंह द्वारा दायर की गई प्रथम अपील का है, जिसने पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### सचिव ने सूचना से किया इंकार

बता दें कि सुनील सिंह ने धारा 6(1) के तहत पंचायत के विकास कार्यों और वित्तीय लेन-देन की जानकारी मांगी थी। नियमानुसार जानकारी देने के बजाय, पंचायत सचिव ने 13 मार्च 2026 को यह तर्क देते हुए सूचना देने से साफ इंकार कर दिया कि 'एक ही आवेदन में अनेक विषयों की जानकारी मांगी गई है।

**क्या कहता है कानून?**

- आरटीआई एक्ट 2005 में कहीं भी यह नहीं लिखा है कि एक आवेदन में एक ही सवाल पूछा जा सकता है।
- केंद्रीय सूचना आयोग स्पष्ट कर चुका है कि यदि जानकारी एक ही विभाग (ग्राम पंचायत) से संबंधित है, तो उसे केवल इसलिए नहीं रोका जा सकता कि सवाल ज्यादा हैं।
- कानून विशेषज्ञों के अनुसार, सचिव अधिकतम 'अतिरिक्त शुल्क' मांग सकते थे, लेकिन जानकारी देने से पूरी तरह मना करना धारा 7(1) का खुला उल्लंघन है।

### अपील में लगाए गए गंभीर आरोप

अपीलार्थी सुनील सिंह ने जनपद पंचायत मझौली के प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील दायर कर गंभीर आरोप लगाए हैं। अपील में कहा गया है कि पंचायत सचिव द्वारा 2019 के एक पुराने आदेश का गलत हवाला दिया जा रहा है।

सभी प्रश्न ग्राम पंचायत के वित्तीय कार्यों से जुड़े हैं, जो एक ही विषय (पंचायत प्रबंधन) के अंतर्गत आते हैं। यह कृत्य सूचना छुपाने और पारदर्शिता को खत्म करने का प्रयास है। अपील में सचिव/पीआईओ के विरुद्ध धारा 20 के तहत दंडात्मक कार्यवाही करने, 15 दिनों के भीतर प्रमाणित जानकारी उपलब्ध कराई जाने और मामले की वित्तीय जांच कराई जाने की मांग की गई है जिससे सच सामने आ सके।

### प्रशासन की अग्निपरीक्षा

अब गेंद प्रथम अपीलीय अधिकारी (सीईओ जनपद) के पाले में है। क्या प्रशासन अपने ही मातहतों की 'मनमानी' पर लगाम लगाएगा? या फिर सूचना के अधिकार का गला इसी तरह घोंटा जाता रहेगा?

**इनका कहना है**

हमारा उद्देश्य सिस्टम में पारदर्शिता लाना है। अगर नियम और कानून केवल कागजों तक सीमित रहेंगे, तो जनता का भरोसा उठ जाएगा। हम इस लड़ाई को राज्य सूचना आयोग तक ले जाएंगे।

**सुनील सिंह (अपीलार्थी)**



# भगवान श्री राम के विवाह में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

**सुकरी, नवभारत।** रेल्वे स्टेशन के पास सुकरी मंगेला में चल रही राम कथा के पांचवे दिन बुधवार को लोड़ा पहाड़ आश्रम सिहोरा के कथा व्यास पूज्य संत श्री सीता हरण महराज द्वारा भगवान श्री राम विवाह की कथा सुनाई गई। जिसे सुनकर मौके पर मौजूद सभी भक्त मोहित हो गए और श्रोतागण भाव विभोर हुए। इस मौके पर भगवान श्री राम के विवाह की लीला का मंचन किया गया जिसमें भक्तजनों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पांचवें दिवस की कथा में विशेष रुप से चंद्र किरण महंत दयानंद गिरी अध्यक्ष जनपद पंचायत जबलपुर, शिव प्रसाद मरकाम वन सभापति जनपद पंचायत जबलपुर एवं संतोष चौकसे रतनपुर, राजा साहू जिंसी, बबलू सिंह राजपूत, देवीसिंह पटेल, गोविंद पटेल, समय सिंह परिहार, विजय सिंह राजपूत, राजेश पटेल, गेंदालाल डेहरिया मुख्य रुप से उपस्थित रहे। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्त जन मौजूद रहे। आयोजन में ग्राम मंगेला के श्री परिहार द्वारा पूज्यनीय कथा वाचक महराज का पुष्पों की माला से स्वागत किया गया एवं आर्शीवाद लिया गया।

# नरवाई नहीं जलाने की मुहिम में गांव ने रचा इतिहास

**मुर्रई गांव बना पर्यावरण संरक्षण की मिसाल**



**पाटन, नवभारत।** नरवाई न जलाने की मुहिम में ग्राम मुर्रई इन दिनों पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बन चुका है। बुधवार को अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ इंदिरा त्रिपाठी विकासखंड पाटन के ग्राम मुरई पहुंची जहां कृषक आदित्य पटेल गेहूं फसल के पश्चात नरवाई जलाए बिना ही सुपर सीडर से उड़द फसल की बोनी कर रहे थे। इस मौके पर आदित्य ने बताया कि

उनके द्वारा 3 वर्षों से गेहूं फसल के बाद नरवाई में आग लगाने की जगह अब सुपर सीडर से बोनी ने ले ली है तथा सुपर सीडर उपयोग करने से कई लाभ भी प्राप्त हो रहे हैं। इस मौके पर डॉ. इंदिरा त्रिपाठी जी ने इस बात पर जोर दिया कि मुर्रई ग्राम उन्नत कृषि-उन्नत किसान का एक आदर्श उदाहरण है। उन्होंने अन्य गांवों के किसानों से भी अपील की कि वे कृषि अभियांत्रिकी विभाग के माध्यम से उपलब्ध योजनाओं का लाभ उठाएं और खेती को आधुनिक व पर्यावरण अनुकूल बनाएं।

**गांव में मौजूद है 14 सुपर सीडर**-कृषक आदित्य के अनुसार उनके ग्राम में 14 सुपर सीडर, 12 स्ट्रॉ रीपर एवं 6 हार्वेस्टर जैसे और भी यंत्र है जो उन्हें विभागीय योजनाओं के तहत अनुदान पर प्राप्त हुए। जिस कारण से गांव के अन्य किसान भी नरवाई प्रबंधन के लिए सुपर सीडर का उपयोग कर पर्यावरण का संरक्षण तो कर ही रहे है तथा अतिरिक्त व्यय कम कर अधिक आय की और बढ़ रहे है। वहीं किसानों से परिचर्चा के दौरान डॉ इंदिरा त्रिपाठी जी ने कृषि अभियांत्रिकी केविभागीय योजनाओं में आवेदन के लिए आवेदन प्रक्रिया समझाई एवं यंत्रों की जानकारी दी। इस निरीक्षण एवं परिचर्चा में अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ इंदिरा त्रिपाठी के साथ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, कृषि विस्तार अधिकारी देव आनंद सिंह एवं ग्रामीण किसान देवेंद्र पटेल, अविनाश पटेल, जयपाल सिंह, आशुतोष पटेल, उमेश सिंह, सत्यम पटेल, पवन पटेल, शुभम पटेल एवंसौरभ पटेल भी उपस्थित रहे।

**ये हैं विशेषताएं**

- धुएँ से होने वाले वायु प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग में कमी होती है।
- खेत की जुताई का खर्च कम होता है और सीधा बुवाई संभव है।
- फसल अवशेष खाद के रूप में मिट्टी को पोषण प्रदान करते हैं।
- नमी के संरक्षण के कारण बीजों का अंकुरण बेहतर होता है।

# महंगाई की मार पर कांग्रेस का प्रहार, मझौली में उठे विरोध के स्वर

**गैस-पेट्रोल और बढ़े बिजली बिल को लेकर प्रदर्शन-नारेबाजी**



**मझौली, नवभारत।** बढ़ती महंगाई और आम आदमी की कमर तोड़ रहे आर्थिक बोझ के खिलाफ बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस मझौली ने हुंकार भरी। रसोई गैस की आसमान छूती कीमतों, पेट्रोल-डीजल की किल्लत और मनमाने बिजली बिलों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर तत्काल राहत की मांग की गई।

ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस नेताओं ने सरकार की नीतियों पर तीखे प्रहार किए। ब्लॉक अध्यक्ष अम्बर सिंह राजपूत और जिला उपाध्यक्ष सुरेश मांझी ने कहा कि रसोई गैस के दाम बढ़ने से गरीब की थाली से रोटी कम हो रही है। वहीं, पेट्रोल-डीजल की महंगाई और आपूर्ति में कमी ने परिवहन और खेती-किसानी को संकट में डाल दिया है।

### बिजली बिलों ने उड़ाई नींद

प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। ब्रजेश तिवारी और पार्षद मोनू राय ने आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं को बिना किसी पूर्व सूचना के भारी-भरकम बिजली बिल थमाए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर जनता की जेब पर डाका है। इस जनांदोलन में ब्लॉक कांग्रेस के दिग्गजों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रमुख रूप से गुड्डू राय, परवेज आलम, आशीष पटेल, सरफराज खान, अजीम बाबा, देवेश राजपूत, प्रेमलाल साहू, संजू राजपूत, प्रहलाद चक्रवर्ती, ओमप्रकाश राजपूत, गोलू राजपूत, अमित सेन आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और जनता के हक की आवाज उठाई।

# परशुराम प्राकट्योत्सव को लेकर बैठक



**नवभारत,बेलखाड़ू।** आगामी 20 अप्रैल को भगवान श्री परशुराम प्रकट उत्सव मनाने को लेकर एक महत्पूर्ण बैठक बुधवार शाम स्कूल के बाजू से स्थित मंदिर परिसर बेलखाड़ू में रखी गई। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ महेश तिवारी, अध्यक्ष रमन मिश्रा, रामावतार नगाइच, शास्त्री सुशील तिवारी, सुरेश महेरे, रज्जू तिवारी, मदन तिवारी, प्रकाश कुररिया सुबोध शर्मा, रज्जी शुक्ला,रजनीश नगाइच, विनोद नायक,कार्तिक नगाइच सहित अन्य ब्राह्मण उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने विशाल शोभायात्रा, पूजन अर्चन सहित अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए जिम्मेदारी, कार्यभार का वितरण किया।

# चैक बाउंस होने पर आरोपी को 6 माह की सजा

**पाटन,नवभारत।** सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा कुशली लोहारी द्वारा प्रस्तुत चैक बाउंस के प्रकरण में न्यायालय द्वारा निर्णय पारित किया गया, जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पाटन सुश्री निधि जैन द्वारा आरोपी को 6 माह कारावास एवं 3,10,852 रुपए के जुर्माना से दंडित किया गया। प्रकरण के अनुसार आरोपी आजेंद्र सिंह राठौड़ निवासी ग्राम गनियारी थाना कटंगी द्वारा सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की शाखा कुशली लोहारी से 2,05,000/- का ऋण प्राप्त करने के उपरांत उक्त ऋण के भुगतान हेत 2,64,920/- का चैक बैंक के पक्ष में जारी किया गया था, जो की भुगतान हेतु प्रस्तुत करने पर बाउंस हो गया था। इसके संबंध में सेंट्रल बैंक आफ इंडिया कुशली लोहारी के शाखा प्रबंधक विजय राय द्वारा न्यायालय के समक्ष परिवाद प्रस्तुत कर आरोपी के विरुद्ध चैक राशि की वसूली की मांग की गई थी। जिस पर न्यायालय द्वारा प्रकरण में विधि अनुसार कार्यवाही करते हुए दिनांक 28 3.2026 को निर्णय पारित कर आरोपी आजेंद्र सिंह राठौड़ निवासी ग्राम गनियारी को दोषी घोषित किया गया।

# नि:शुल्क पुस्तकें और साईकिल पाकर खिल उठे छात्रों के चेहरे



**बोरिया शास. उच्च. माध्य. विद्यालय में मनाया गया प्रवेश उत्सव**

**नवभारत, बोरिया।** नवीन शिक्षा सत्र के आरम्भ अवसर पर एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरिया में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सतेंद्र ठाकुर,अध्यक्षता प्राचार्य संध्या हरि प्रसाद एवं सरपंच उमा बर्मन, जनपद सदस्य मीना ठाकुर, पाटन स्त्रोत विकासखंड समन्वयक सतेंद्र उरैती के आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम सरस्वती पूजन, वंदना गीत से शुरुआत हुई। फिर प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के उद्बोधन का प्रसारण छात्र छात्राओं को सुनाया गया। इसके बाद कक्षा एक से लेकर कक्षा बारह तक के छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रवेश दौरान बच्चों को विशेष भोजन कराया गया। साथ ही छात्राओं को नि:शुल्क साईकल वितरण भी किया गया। जिसे पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान मुख्य रूप से सरपंच केदार पटेल, महेंद्र जैन, वीरेंद्र राजपूत, रामकुमार पटेल, नरेश राजपूत, नंद किशोर राजपूत, चतुर्भुज राजपूत, विवेकानंद शर्मा बीएसी, जनशिक्षक इंद्र कुमार ठाकुर सहित शाला स्टाफ, बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

**पीएम श्री स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव**





**नवभारत, बेलखाड़ू।** शाला प्रवेश का तात्पर्य बच्चों का विधिवत रूप से दाखिला लेने की प्रक्रिया है। शिक्षा विभाग द्वारा यह अभियान स्कूल से जोड़ने एवं ड्रॉप आउट दर को शून्य करने के लिए सरकारी स्कूलों में चलाया जाता है इस दिन बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर साथ ही शैक्षणिक सामग्री बेग किताबें कंपास देकर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया जाता है। इसी तारतम्य में पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल बेलखाड़ू में बुधवार दोपहर को एक गरिमामय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम स्कूल हॉल में रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच गौरी शंकर पटेल, अतिथि प्राचार्य बी आर परस्ते, राकेश नगाइच,रवि पटेल, रज्जी शुक्ला, डी के अवस्थी, जुगल किशोर नामदेव रहे। सभी ने स्कूली बच्चों का तिलक, उपहार,फूल माला से सरस्वती पूजन पश्चात शाला में स्वागत कर प्रवेश कराया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पुष्प लता त्रिपाठी ने किया। शिक्षिका संगीता दुबे ने गर्मी मौसम देखते हुए जरूरतमंद बच्चों को ग्लूकोज के पैकेट और पानी की बॉटल भेंट की। कार्यक्रम में शाला स्टाफ, बच्चों के माता पिता और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।



# हनुमान जयंती पर क्षेत्र में भक्ति का माहौल जगह-जगह होंगे धार्मिक आयोजन

**नवभारत, बेलखाड़ू, जबलपुर।** ग्राम बेलखाड़ू सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इस वर्ष हनुमान जयंती का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बैलखाड़ू के शिवोहम मंदिर कुटी आश्रम, पड़ाव बस्ती मंदिर, मोहास हनुमान मंदिर, बघोड़ी हनुमान मंदिर, झगरा हनुमान मंदिर, बघोड़ा, बरोदा, भर्रा, सिमरिया, माल बाबा मंदिर सहित आसपास के सभी गांवों में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन किया जाएगा, जहां श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही मंदिरों में धर्म ध्वजा चढ़ाई जाएगी और विशेष पूजन-अर्चन किया जाएगा। श्रद्धालु हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करेंगे तथा रामायण पाठ के आयोजन भी किए जाएंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मंदिरों की सजावट की जा रही है और भक्तजन पूरे उत्साह के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रमों में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# सिंगौद स्कूल को रैपुरा स्थानांतरित करने के विरोध में उग्र प्रदर्शन

**25 किमी दूर नहीं जाएंगे बच्चे, हजारों बच्चे और ग्रामीण उतरे मैदान में**




**नवभारत, जबलपुर।** पनागर तहसील के ग्राम सिंगौद में संचालित संदीपनी शासकीय उच्च माध्यमिक शाला को रैपुरा स्थानांतरित किए जाने के विरोध में आज क्षेत्र में व्यापक जनआंदोलन देखने को मिला। स्कूल परिसर में हजारों बच्चों, महिलाओं, पुरुषों और बुजुर्गों ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना-प्रदर्शन कर शासन के निर्णय के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया।

ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से संचालित इस स्कूल में आसपास के 10 किलोमीटर क्षेत्र के बच्चे पढ़ाई करते हैं, लेकिन नई शिक्षा नीति के तहत इसे 22-25 किलोमीटर दूर रैपुरा स्थानांतरित कर दिया गया है। इससे मजदूर और किसान परिवारों के बच्चों की शिक्षा पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है, क्योंकि उनके पास आवागमन के पर्याप्त साधन नहीं हैं। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर शासकीय स्कूलों को बंद कर निजी स्कूलों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक सिंगौद स्कूल को वापस गांव में संचालित नहीं किया जाएगा, तब तक बच्चे रैपुरा नहीं जाएंगे।

### ये रहे शामिल


इस आंदोलन में प्रमुख रूप से इंजीनियर प्रवीण गजभिये, रमन पटेल, सुखराम पटेल, छोटे भाई कुर्मी, कंधीलाल कुर्मी, दिनेश पटेल, रामकृष्ण पटेल, रामधुन पटेल, विनय पटेल, विनोद कुमार, लवकुश, सुनील सोनी, देवानंद पटेल, किसन लाल, नरेन्द्र, सतीश लोधी, अर्जुन, रेवा प्रसाद, रमाशंकर गोटिया, चेतराम पटेल, मोहन पटेल, बेड़ीलाल पटेल, अजय पटेल सहित रानी केवट, पूजा केवट, सविता चौधरी, माया रेदास, भारती कोल, माया कोल और रामसंत विश्वकर्मा सहित हजारों लोग शामिल रहे।

**23 तक मांगें नहीं मानी तो पनागर बंद का आव्हान**

आंदोलन के दौरान बच्चों और ग्रामीणों ने जोरदार नारेबाजी की— 'हम क्या चाहते, सिंगौद स्कूल', 'लड़ के लेंगे सिंगौद स्कूल'। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि 23 अप्रैल तक उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो पूरे पनागर क्षेत्र में बंद रखा जाएगा और प्रस्तावित भारत बंद का भी समर्थन किया जाएगा। धरने के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि ने ज्ञापन प्राप्त कर आश्वासन दिया कि मांगों को शासन तक पहुंचाया जाएगा।

राहत | बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत, ऊर्जा मंत्री तोमर ने दी जानकारी

# समाधान योजना की अवधि 15 मई तक बढ़ी



**नवभारत, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए समाधान योजना 2025-26 के दूसरे और अंतिम चरण की अवधि 31 मार्च से बढ़ाकर अब 15 मई 2026 तक कर दी है। यह जानकारी ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने दी।

3 नवंबर 2025 से शुरू हुई इस योजना का लाभ अब तक 27.47 लाख से अधिक उपभोक्ता उठा चुके हैं। योजना के तहत कुल 1336.46 करोड़ रुपये की राशि जमा हुई है, जबकि 450.31 करोड़ रुपये का सरचार्ज माफ किया गया है।

यह योजना खासतौर पर बकायादार उपभोक्ताओं के लिए राहतकारी साबित हुई है। उपभोक्ताओं को सरचार्ज में 50ज से 90 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है, साथ ही एकमुश्त या किस्तों में भुगतान का विकल्प भी दिया गया है। तीन महीने से अधिक बकाया होने पर एकमुश्त भुगतान करने पर 90ज तक सरचार्ज माफी का लाभ मिल रहा है। क्षेत्रवार आंकड़ों में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से 10.17 लाख उपभोक्ताओं ने 300.86 करोड़ रुपये जमा किए और 90.57 करोड़ रुपये का सरचार्ज माफ हुआ। मध्य क्षेत्र में 8.37 लाख उपभोक्ताओं ने 767.28 करोड़ रुपये जमा किए, जहां 321.20 करोड़ रुपये का सरचार्ज माफ हुआ। वहीं पश्चिम क्षेत्र में 8.92 लाख उपभोक्ताओं ने 268.32 करोड़ रुपये जमा कर 38.54 करोड़ रुपये की सरचार्ज छूट प्राप्त की। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि यह सरचार्ज छूट का अंतिम अवसर है, इसलिए 15 मई तक योजना का लाभ अवश्य लें।